Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार सच का साथी दिनांक 29-04-2023 अंक 554

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### अवैध उत्खनन को लेकर चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान



**अपेम लाइव : लातेहार**

महुआडांड/लातेहार : महुआडांड के आईआरबी कैंप के समीप अवैध उत्खनन को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी नीत निखिल सुरीन ,डीएसपी राजेश कुजूर ,प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग व थाना प्रभारी आषुतोष यादव के उपस्थिति में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।इस दौरान ट्रैक्टर समेत दो पहिया, तीन पहिया, चार पहिया वाहनों समेत अन्य वाहनों का जांच किया गया। साथ ही सभी पदाधिकारियों के द्वारा अवैध उत्खनन को लेकर बालु घाटों का निरीक्षण भी किया गया।चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

### नेतरहाट थाना पुलिस के द्वारा चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान



**अपेम लाइव : लातेहार**

महुआडांड/लातेहार : नेतरहाट पुलिस के द्वारा नेतरहाट में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान दो पहिया वाहन समेत अन्य वाहनों की जांच की गई। जिसमें वाहन के कागजात, ड्राईविंग लाइसेंस, हेलमेट आदि की भी चेकिंग की गई। वहीं वाहन के कागजात या हेलमेट समेत अन्य प्रकार की कमी को देख वाहनों का नंबर नोट कर चेतावनी देते हुए वाहनो को छोड़ा गया। मौके पर नेतरहाट थाना प्रभारी बंधन भगत एस आई जानू कुमार समेत पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

### मासिक लोक अदालत में 22 वादों का निष्पादन

**अपेम लाइव : लातेहार**

लातेहार : प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश- सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार अखिल कुमार के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में शनिवार को व्यवहार न्यायालय के प्रांगण मे मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया।इस लोक अदालत में कुल 05 बेंच बनाए गए थे। जिसमें कुल- 22 वादों का निष्पादन किया गया जिसमें कुल 2,86,000 रुपये राजस्व की वसूली की गई। इस अवसर पर प्रधान न्यायधीश, कुटूम्ब न्यायालय राजीव आनन्द, अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम संजीव कुमार दास, अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय अमित कुमार, अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय संजीव झा, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी नसीर अहमद, अवर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, शशिभूषण शर्मा, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, वाति विजय उपाध्याय अनुमण्डलीय न्यायिक दण्डाधिकारी मिथिलेश कुमार, स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष चंद्रिका राम, सदस्य डॉ० मुरारी झा, शकील अख्तर, अधिवक्ता, व्यवहार न्यायालय के कर्मचारी समेत विभिन्न विभाग के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बैठक प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार की अध्यक्षता में आगामी 13 मई को आयोजित होने वाले तीसरे राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत को सफलतापूर्वक आयोजन करने के संबंध में दिशानिर्देश दिया गया ।

## बरही : बिना मुआवजा दिए हो रहा एनएच 31 का चौड़ीकरण : रैयत





**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

बरही पटना में सड़क चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। बरही चौक से पटना रोड कोबरा मुख्यालय तक बरही, कोनरा एवं बेंदगी के लगभग 90 से अधिक रैयतो का जमीन अधिग्रहित की गई है। जिसमे कुछ रैयतों को जमीन का मुआवजा मिला है और कुछ रैयतों को उनकी जमीन का मुआवजा नहीं मिला है। वहीं शनिवार दोपहर एनएचएआई के अधिकारी अंचल निरीक्षक एवं दर्जनों जवान के साथ पोकलेन लेकर सड़क चौड़ीकरण का कार्य करने पहुंची। जहां कुछ रैयत अधिकारियों का विरोध करने लगे। रैयतों ने बताया की जमीन का मुआवजा दिए बगैर जबरन उनके आवासीय एवं कमर्शियल भवन को तोड़ा जा रहा है जिससे रौयत काफी परेशान है। वहीं प्रभावित रैयतों ने अपनी समस्या सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, सांसद जयंत सिन्हा, विधायक उमाशंकर अकेला एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित स्थानीय प्रशासन से भी गुहार लगा चुके है। लेकिन इन रैयतों के लिए अभी तक कोई सकारात्मक पहल नही किया गया है। रैयतों ने बताया की स्थानीय प्रशासन एवं एनएचएआई को लेकर संवेदक के द्वारा जबरन भवन को तोड़ा जा रहा है। मुआवजा को लेकर एनएचएआई के अधिकारियों ने बताया की आप सभी की मुआवजा राशि कोर्ट में जमा कर दी गई है।

**मुआवजा राशि कोर्ट में जमा होने की जानकारी नहीं : रैयत**

जबकि रैयतों का साफ कहना है की हमारी मुआवजा की राशि कोर्ट में जमा है इस बात की हमे कोई जानकारी नहीं है।

## बच्चों के शैक्षणिक विकास में शिक्षकों के साथ साथ अभिभावकों का भी अहम रोल है : त्रिवेणी साहू

### भामाशाह विद्यालय में अभिभावक शिक्षक गोष्ठी का अयोजन, शैक्षणिक विकास पर चर्चा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



गोष्ठी को संबोधित करते संरक्षक त्रिवेणी साहू

भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बरही में कक्षा दशम के भैया-बहनों के अभिभावकों के साथ शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधन समिति के संरक्षक त्रिवेणी साव, प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय एवं अभिभावक कृष्ण प्रजापति के द्वारा संयुक्त रूप से भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। मौके पर अभिभावकों से उनका सुझाव लिया गया। विद्यालय के संरक्षक त्रिवेणी साव ने कहा कि लिखित, मौखिक और व्यवहारिक परीक्षाओं की कसौटी से सफलता प्राप्त करके ही हम जीवन रूपी परीक्षाओं में सफल हो सकते हैं। अपने उद्‌बोधन में प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने कहा कि बच्चों को शिक्षा देने में अभिभावकों एवं आचार्यों की सक्रियता अति आवश्यक है। दोनों के बीच आपसी तालमेल एवं सूझबूझ से ही भैया-बहनों के अध्यापन को सुरुचिपूर्ण बनाया जा सकता है। अध्यक्षीय उद्‌बोधन में अभिभावक प्रतिनिधि कृष्णा प्रजापति ने कहा कि हम अभिभावकों को भी अपने दायित्वों का निर्वहन करना अति आवश्यक है। अभिभावक बच्चों के लिए एक आदर्श होते हैं। अतः हम अपने बच्चों के लिए दर्पण बनने का कोशिश करें। वरिष्ठ आचार्य चंद्रमोहन मिश्रा ने कहा की बच्चे स्कूल में सैद्धांतिक ज्ञान तो प्राप्त कर लेंगे, लेकिन उन्हें व्यवहारिक ज्ञान दिलाने में अभिभावकों का ही अहम रोल होनी चाहिए। कक्षाचार्य जुली कुमारी ने कहा की दशम वर्ग के भैया बहनों का मैट्रिक रिजल्ट अच्छा हो, इसके लिए हम आचार्य आचार्या भी संकल्पित हैं। प्रत्येक सोमवार को टेस्ट लिया जाएगा। बच्चों के शैक्षणिक विकास के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। मंच संचालन सुरेंद्र मंडल, धन्यवाद ज्ञापन जूली कुमारी के द्वारा किया गया। शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर रमेश पंडित, मुन्ना यादव सहित दशम कक्षा के भैया-बहन एवं अभिभावक गण उपस्थित थे।

## जोराकाठ में श्री श्री 1008 शिव- हनुमान प्राण प्रतिष्ठा सह रूद्र महायज्ञ में सांसद जयंत सिन्हा, योगेंद्र साहू एवं रोशन लाल चौधरी हुए शामिल

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**





बड़कागांव : जोराकाठ गांव में श्री श्री 1008 शिव -हनुमान प्राण प्रतिष्ठा सह सात दिवसीय रूद्र यज्ञ के लिए गाजे बाजे के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें ग्रामिण महिला-पुरुष व धर्म प्रेमी आस्था व उत्साह से शामिल हुए। वहीं महिलाएं कलश को सुसज्जित कर माथे में धारण की जोराकाठ तालाब में विधि विधान से पूजा के बाद जल भरें व यज्ञमंडप में स्थापित किया गया । इस कलश शोभायात्रा में बातौर मुख्य अतिथि सांसद जयंत सिन्हा शामिल रहे जिन्होंने यज्ञ समिति के पदाधिक. ारियों सहित ग्रामवासियों को धन्यवाद दिया साथ ही हरसंभव मदद का आश्वासन दिया साथ ही चरही से बादम तक सड़क का डीएमएफटी मद से पुनर्निर्माण करवाने की बात कहीं। वहीं लोगों से अपील भी किया कि यह यज्ञ यहां हो रहा और कल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सौवां मन की बात की जाएगी जो देश के विकास के लिए बातें की जाती है । आप सभी शामिल होकर उनकी मन की बातें को भी सूनें ।इस अवसर पर पुर्व कृषी मंत्री योगेंद्र साव, आजसू पार्टी केन्द्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रौशनलाल चौधरी,जिप सदस्य बड़कागांव मध्य सुनिता देवी,पुर्व जिप सदस्य टुकेश्वर प्रसाद, गोन्दलपुरा पंचायत मुखिया बासुदेव यादव,चंदौल पंचायत मुखिया प्रतिनिधि सनीत महतो, पंसस मोहन महतो,उप मुखिया रवि महतो, भाजपा मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, मनीष पांडे, वार्ड सदस्य प्रेमलाल कुमार व अन्य जनप्रतिनिधि गण सहित यज्ञ समिति के अध्यक्ष लहसन महतो,सचिव बचनदेव महतो, कोषाध्यक्ष कुलदीप गंझू, उपसचिव रामसहाय महतो , संयोजक कैलाश महतो , हीरालाल महतो ,देवनाथ महतो सहित सैकड़ों महिला पुरुष बच्चे शामिल रहे।

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## हाइवा व स्कोर्पियो में भिड़ंत दोनों वाहन व दो दुकान क्षतिग्रस्त

### दोनों चालक व स्कार्पियो पर सवार लोग मौके से फरार

### दो अलग–अलग सड़क दुर्घटना में 1 बैल की मौत

**अपेम लाइव : बिरनी**
**लखदेव वर्मा**



बिरनी थाना क्षेत्र के बरहमसिया चौक में राँची–दुमका मुख्य मार्ग पर शुक्रवार रात्रि लगभग 1 बजे हाइवा जिसकी गाड़ी संख्या क्व 14 ग 1053 व स्कार्पियो जिसकी गाड़ी संख्या श्रभ 13 ह 3776 में टक्कर हो गई जिससे वाहन का परखच्चे उड़ गए तथा दो दुकानों को भी अपनी चपेट में ले लिया जिससे दोनों दुकान क्षतिग्रस्त हो गया । जानकारी के अनुसार सरिया की ओर से आ रही तेज रफ्तार हाइवा तथा भरकट्ठा की ओर से आ रही स्कार्पियो में टक्कर टक्कर हो गई जिससे हाइवा और स्कार्पियो में भीषण टक्कर होने से दोनों वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गई इसकी चपेट में आने से दो दुकान क्षतिग्रस्त हो गया । वहीं स्कार्पियो में सवार सभी लोग फरार हो गए । हालांकि स्कार्पियो कोडरमा की बताई जा रही है क्षतिग्रस्त वाहन को बिरनी थाना ले जाया गया है । वहीं दूसरी ओर शुक्रवार देर शाम को बिराजपुर में ट्रेलर की चपेट में आने से 1 बैल की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और टेम्पू व ट्रेलर फरार हो गई । बता दें बरहमसिया की ओर से आ रही टेम्पू के टक्कर से बैल सड़क पर गिर गया वहीं तेज रफ्तार से आ रही ट्रेलर ने बैल को रौंदते हुए 100 मीटर की दूरी तक ले गया जिससे बैल की घटनास्थल पर ही मौत हो गई । वहीं दोनों वाहन मौके से फरार हो गई बैल काशी पंडित बिराजपुर की बताई जा रही है ।

## सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल में डेकोरेशन प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत रसोईया धमना में शिशु ज्ञान समिति द्वारा संचालित सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल में सीसीए के तहत क्लासरूम डेकोरेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा प्रथम से लेकर दसवीं कक्षा तक के छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। और बच्चों ने एक से एक आकर्षक म०डल कागज का बना हुआ थैला का निर्माण जल बचाओ उसके लिए आकर्षक म०डल प्रस्तुत किया और बच्चों ने तरह–तरह के म०डल को जो विज्ञान से संबंधित था प्रस्तुत किया और यह संदेश दिया की हमें अपने पर्यावरण के प्रति हमेशा समर्पण की भावना रखना चाहिए। जिसमें सीनियर ग्रुप से प्रथम स्थान अंशु ग्रुप, भारती ग्रुप एवं सुधा ग्रुप ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान रंजना ग्रुप, प्रीति ग्रुप और नंदनी ग्रुप में प्राप्त किया तथा तृतीय स्थान रिया ग्रुप, जैनब ग्रुप और रोशनी ग्रुप ने प्राप्त किया। जूनियर सेक्शन में प्रथम स्थान सोनल ग्रुप और अंकित ग्रुप ने प्राप्त किया द्वितीय स्थान चाहत प्रवीण प्रीति कुमारी और संतोषी कुमारी ने प्राप्त किया तृतीय स्थान दिवाकर ग्रुप और शिवांगी राजलक्ष्मी ग्रुप एवं आयुष ग्रुप में प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के निदेशक टूकलाल साहू ने सभी बच्चों द्वारा किए गए क्रियाकलापों की सराहना की और इस तरह के कार्यक्रम के होने से बच्चों का तार्किक विकास भी होता है ऐसा उन्होंने सुझाव दिया। विद्यालय के प्राचार्य नितेश कुमार ने हर सप्ताह होने वाले सीसीए को बच्चों के लिए बहुत ही गुणात्मक क्रियाकलाप बतलाया जिससे अन्य बच्चों के अंदर जीवन में कुछ कर गुजरने का जुनून भर जाता है। विद्यालय के सलाहकार राजेंद्र प्रसाद ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अपने पोषक क्षेत्र के लोगों को इस तरह के कार्यक्रम के लिए प्रेरित करने का सुझाव दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सीसीए विभाग की शिक्षिका विभा शर्मा, श्वेता राजलक्ष्मी, कल्पना कुमारी, सरिता कुमारी, नीतू कुमारी, शिबू रजक, नरेश कुमार, अरुण कुमार एवं प्रियंका कुमारी ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## खबर का असर : उपायुक्त के निर्देश पर पी एच डी विभाग के कार्यपालक अभियंता ने किया नल जल योजना का निरीक्षण

### डोंडागड़ा में सोपर प्लेट लगाने एवं दूसरा बोरिंग कराने का निर्देश

### खराब काम करने वाले संवेदको पर होगी कार्रवाई : एक्सक्यूटिव

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी : इस बार की बढ़ती भीषण गर्मी और चिलचीलाती धूप में लोगो को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने को लेकर उपयुक्त अब इमरान शख्त हैं।इधर कान्हाचट्टी प्रखण्ड में नल जल योजना के तहत बनाए जा रहे जलमीनार में गड़बड़ी के मामला को अखबार में उजागर को बाद उपयुक्त के निर्देश पर शुक्रवार को पी एच डी विभाग के कार्यापलक अभियंता अविक अम्बाला ने अपने पूरे टीम के साथ कान्हाचट्टी प्रखण्ड के डोंडागड़ा,चोरट एवं राजपुर सहित अन्य गांवों में बमए का रहे जलमीनार का निरीक्षण किया।जिसमें ग्राम डोंडागड़ा गांव में मध्य विद्यालय के समीप बनाए जा रहे जलमीनार में हल्की हवा में ही सोलर प्लेट गिर कर टूट गया था,एवं जलमीनार के लिए किया गया बोरिंग में पानी था ही नहीं।जांच के बाद संवेदक को अविलंब सोलर प्लेट लगाने,नया बोरिंग कराने का निर्देश दिया।जिसके बाद संवेदक ने पुनः कार्य प्रारंभ कर डियक।वहीं चोरट गांव में भी बनाए गए जलमीनार में भी गड़बड़ी पाया गया जिसे अविलम्ब सुधार का निर्देश संवेदक को दिया।उन्होंने इस गर्मी में लापरवाह संवेदक को किसी भी स्थिति में बख्शने की मुड़ में नहीं है।इधर कनीय अभियंता ने कहा कि कार्य गुणवत्ता पूर्ण नहीं होगा तो संवेदक का भुगतान नहीं किया जाएगा।गुणवत्ता के साथ विभाग समझौता नहीं करेगी।बताते चलें कि सोमवार को छपी खबर की बोरिंग में पानी नहीं फिर भी विभाग है मौन खबर अखबार में छपने के बाद उपायुक्त के निर्देश पर विभाग हरकत में आई और पुनः कार्य मे सुधार के लिए काम शुरू कर दिया गया है।

## उपायुक्त के निर्देश पर छलाया अवैध बालू के खिलाफ अभियान

### अवैध रूप से बालू बेचने वाले माफियाओं पर होगी कावाई : सी ओ

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी : शनिवार को अंचल अधिकारी सह बी डी ओ हुलास महतो ने राजपुर थाना के सहयोग से अवैध बालू निकलने वालो के खिलाफ उपायुक्त के निर्देश पर अभियान छलाया गया।अभियान शनिवार की सुबह सुबह ही प्रखण्ड के विभिन्न बालू घाटों में अंचलाधिलारी एवं राजपुर थाना के सब इंस्पे. क्टर दीपेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से छलाया।हालांकि किसी भी घाटों में कोई ट्रेक्टर नहींपकड़ाया। हालांकि बी डी ओ सह सी ओ श्री महतो ने कहा कि अवैध बालू का उठाव करने वालो को प्रशासन नहीं बख्शेगी ।उन्होंने कहा कि प्रखण्ड में दो जगहों पर बालू खनन के लिए जिला से निर्देश मिला है जिसमे मदगड़ा एवं बक्चुम्बा को बालू उठाने का निर्देश है और यदि इसके अवाला कहीं से बालू उठा कर बेचते हैं तो उनके खीलाफ़ कार्रवाई की जाएगी।







डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

दिनांकः 29-04-2023

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## प्रांतीय आचार्य चयन परीक्षा – 2023 संपन्न

अपेम लाइव : लातेहार

नीरज सिन्हा



लातेहार : सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार में प्रांतीय आचार्य चयन परीक्षा आयोजित की गई।विद्या विकास समिति झारखंड द्वारा आयोजित आचार्य चयन परीक्षा 2023 के लिए पूरे झारखंड में 11 केंद्र बनाए गए । 11 केंद्रों में एक केंद्र सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार को बनाया गया विभिन्न विषयों के लिए आयोजित होने वाले आचार्य चयन परीक्षा में लातेहार केंद्र पर 297 परीक्षार्थी उपस्थित हुए।उक्त परीक्षा पीआरटी, टीजीटी और पीजीटी के स्तर पर आयोजित की गई । प्रांतीय प्रतिनिधि ज्वाला तिवारी, प्रांतीय पर्यवेक्षक तुलसी प्रसाद ठाकुर विभाग प्रमुख जमशेदपुर, सह पर्यवेक्षक रमेश सिंह प्रधानाचार्य सरस्वती विद्या मंदिर मेदिनीनगर एवं रवि कांत पाठक प्रधानाचार्य सरस्वती विद्या मंदिर बंशीधर नगर , केंद्राधीक्षक अरुण कुमार चौधरी प्रधानाचार्य सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार व विद्यालय के सभी आचार्य दीदी जी कार्यालय कर्मी परीक्षा संचालन में अपना योगदान प्रस्तुत किए परीक्षा पूर्ण रूप से कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई।

## बार एसोसिएशन बरही का चुनाव संपन्न, झारखंडी साहा अध्यक्ष, राजकुमार प्रसाद सचिव व संयुक्त सचिव बने रामचंद्र साव

अपेम लाइव : बरही

सोनु पंडित



अधिवक्ता संघ (बार एसोसिएशन) बरही का चुनाव शनिवार को संपन्न हुआ। जिसमें पर्यवेक्षक के रूप में झारखंड स्टेट बार काउंसिल के सदस्य सह हजारीबाग बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजकुमार उर्फ राजू, झारखंड स्टेट बार काउंसिल के सदस्य अनिल महतो, झारखंड बार काउंसिल के सदस्य मंडल जी उपस्थित रहे। चुनाव में 35 अधिवक्ताओं ने अपना मत का प्रयोग किया। जहां झारखंडी साहा 6 मतों से अध्यक्ष पद के लिए विजयी हुए। राजकुमार प्रसाद 11 मतों से सचिव पद पर विजयी हुए। वही रामचंद्र साव 15 मतों से संयुक्त सचिव पद पर विजयी हुए। उपाध्यक्ष उदय सिन्हा, कोषाध्यक्ष राधेलाल चौधरी एवं कार्यकारिणी समिति के सदस्यो में रामचंद्र चौधरी, सुजीत कुमार, रामकृत सिंह, सुशील सिंह, राजेश चौधरी, बैजनाथ प्रसाद नि. विरोध रूप से चुने गए। सभी विजयी प्रत्याशियों को उपस्थित अधिवक्ताओं ने फूल माला पहनाकर गर्म जोशी के साथ स्वागत किया।

## ब्रह्माकुमारीज ने रैली निकालकर व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा मुक्ति के लिए किया जागरूक

अपेम लाइव : लातेहार

नीरज सिन्हा




लातेहार : प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय उप सेवा केंद्र लातेहार में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्क्रम की शुरुआत में रैली निकाली गई ,जिसे स्थानीय विधायक ने झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा बाईपास रोड से निकलकर धर्मपुर होते हुए नगर पंचायत, जिला ह०स्पिटल और मेन रोड से गुजरी इन तीनों स्थानों पर नशा मुक्ति पर चौराया से आई ब्रह्माकुमारी आरती बहन की टीम ने नुक्कड़ नाटक भी दिखाकर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया। । नगर में भ्रमण करते हुए बाईपास रोड स्थित सेवा केंद्र पहुंची जहां पर अतिथियों के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्थानीय विधायक बैद्यनाथ राम, नगर पंचायत के निःवर्तमान उपाध्यक्ष नविन सिन्हा , समाजसेवी राजधानी यादव, एडवोकेट नवीन गुप्ता, अम्रेश पांडे उपस्थित थे। कार्यक्रम में नशा मुक्ति अभियान के विषय में विस्तृत चर्चा की गई। विषय को संबोधित करते हुए ब्रह्माकुमारीज के हेड क्वार्टर माउंट आबू से पधारे ब्रह्मा कुमार राजेश भाई ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज के चार आदर्श हैं जिसके आधार पर व्यक्ति का जीवन परिवर्तित होता है। वे हैं ज्ञान ,योग, धारणा और सेवा। इन चारों ही विषय पर संक्षिप्त रूप से प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि संस्थान में रहने वाली बहनें समाज के परिवर्तन के लिए निरंतर कार्यरत है और वह अपने ज्ञान और योग बल के द्वारा लोगों के विवेक और सद्‌बुद्धि जागृत करने की निस्वार्थ सेवा कर रही हैं। आगे कहा कि बच्चों में माताएं संस्कार जो डालती हैं जीवन पर्यंत उनके काम आते हैं जीवन की मुश्किल घड़ी हो में भी संस्कार उन्हें बुरे व्यसनों से बचाए रखते हैं यदि माताएं बच्चों में बचपन से ही अच्छे संस्कार डालें तो निश्चित ही वे कभी भी व्यसनों के आदी नहीं होंगे। साथ ही साथ समाज में कई ऐसी परिस्थितियां भी होती हैं जिसकी वजह से लोग व्यसनों के शिकार हो जाते हैं। जैसे कि बेरोजगारी, गरीबी इत्यादि के कारण उत्पन्न होने वाली हीनभावना, उन्हें नशे के तरफ धकेल देती है। हमें उन्हें सकारात्मक विचारों से जोड़कर समाज की मुख्यधारा में जोड़नाचाहिए। इसी क्रम में स्थानीय विधायक ने कहा कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग भारत सरकार द्वारा ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में नशा मुक्त भारत अभियान जो चलाया गया है। इसके लिए मैं संस्थान के प्रयासों की प्रशंसा करता हूं। कार्यक्रम के अंत में सभी ने नशा मुक्ति हेतु संकल्प किया और अन्य लोगों को भी नशा मुक्त जीवन जीने हेतु प्रेरित करने का दृढ़ संकल्प किया।वहीं गुमला से आए ब्रह्मा कुमार शिव भाई ने कार्यक्रम के लक्ष्य एवं उद्देश्य की जानकारी दी।कार्यक्रम को सफल बनाने में रमा कुमारी पूर्णिमा बहन, गंगोत्री बहन, आशा बहन, किरण बहन, आरती बहन,अम्रेश पांडे, सुदामा प्रसाद, अनिल प्रसाद, आशीष कुमार, नवल मेहता, वरुण जी इत्यादि समेत सैकड़ों भाई बहनों का सहयोग रहा।

## मुखिया प्रतिनिधि सुनील कुमार वर्मा ने किया 15वी वित्त योजना से पथ का शिलान्यास

अपेम लाइव : बिरनी

लखदेव वर्मा



बिरनी प्रखंड क्षेत्र के अरारी पंचायत के कलहाजोरी गांव में शनिवार को अशोक यादव के घर से दासो सिंह के घर तक 15 वी वित योजना के तहत पीसीसी पथ का मुखिया प्रतिनिधि सुनील कुमार वर्मा ने नारियल फोड़ कर उद्घाटन किया गया इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य पंकज यादव, उप मुखिया जितेंद्र यादव,पंचायत सचिव राजकुमार पासवान, अभिकर्ता हरि नारायण सिंह, महेंद्र यादव, सुनील यादव, एवं कई ग्रामीण उपस्थित थे ।मुखिया प्रतिनिधि सुनील कुमार वर्मा ने कहा पंचायत में 1 साल में विकास दिखने लगा है मुझे पूर्ण अकिन है की इस पंचायत को मुखिया प्रमिला देवी के नेतृत्व में हर विभाग से विकास होगा इसके लिए मुखिया प्रयासरत है।







डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## लातेहार का बेटा ने कर दिया कमाल

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**




लातेहार : जिले के बालूमाथ के साकिब ने मुंबई में अपना लोहा मनवाया है। उत्क्रमित मध्य विद्यालय घुटाम बालूमाथ के वर्ग तीन का छात्र साकिब अंसारी ने मुंबई महाराष्ट्र में आयोजित दस राज्यों के प्रतिभागियों के बीच वर्ग वार क्विज प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान प्राप्त कर लातेहार जिले के साथ साथ झारखंड राज्य का नाम रौशन किया है। ग्रेड तीन के प्रतिभागियों में महाराष्ट्र राज्य प्रथम झारखंड राज्य के लातेहार जिला के बालूमाथ का छात्र साकिब ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। साकिब के साथ मुंबई गए शिक्षक पंकज कुमार पांडेय ने बताया की कुछ अंको से साकिब प्रथम स्थान नही ला सका। प्रतियोगिता में झारखंड राज्य के अलावे अन्य नौ राज्यो के प्रतिभागियों के साथ वर्ग वार क्विज कराया गया। साकिब की कामयाबी पर लातेहार जिले में हर्ष का माहौल है। उसकी कामयाबी पर जिले के शिक्षा पदाधिकारी सहित सभी शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया है। मो साकिब के पिता मेहराब आलम माता मेहरा खातून बहन समरीन फातिमा विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनोद कुमार मोहन प्रसाद जितेंद्र प्रसाद सुचिता मिंज मीना देवी ज्ञान प्रभा मिंज सईदा बीबी मंजू देवी आदि ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। गौरतलब है की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में लातेहार जिले से दो बच्चो का चयन हुआ था जिसमे मध्य विद्यालय करकट की बुसरा सेमीफानल तक कामयाबी प्राप्त की थी और साकिब फाइनल में लिए चयनित हुआ था।

## निश्चय मित्रों की मदद से टीबी मरीजों के बीच किया गया निक्षय पोषण किट का वितरण

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



सीएचसी में टीबी मरीजों को निश्चय पोषण किट देते हुए निश्चय मित्र

विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को टीबी मरीजों के बीच निक्षय पोषण कीट का वितरण किया गया। पोषण किट का वितरण निश्चय मित्रों के सहयोग से किया गया। जानकारी देते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि वर्तमान में प्रखंड में 110 टीबी मरीजों की पहचान की गई है। इन मरीजों के पौष्टिक पोषाहार के लिए विभाग द्वारा छह माह तक प्रतिमाह 500 रुपये मरीज के खाते में डीबीटी किया जाता है। इसके अतिरिक्त इन मरीजों की सेवा के लिए कुछ निश्चय मित्र भी सामने आए हैं। इसकी शुरुआत विष्णुगढ़ स्वास्थ्य केंद्र के स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा की गई है। इन निश्चय मित्रों की मदद से टीबी मरीजों को छह माह तक पोषाहार का पैकेट दिया जा रहा है। कहा कि अभी टीबी के 10 गंभीर रोगियों को यह पोषाहार दिया जाएगा। इसमें कोई भी लोग सहयोग कर निश्चय मित्र बन सकते हैं। निश्चय मित्रों में डॉ अरुण कुमार सिंह, डॉ जफर हसन, डॉ योगेंद्र कुमार, सतीश राम, दीपू अकेला, राजेश कुमार, शुभम कुमार, विकास कुमार, प्रमोद कुमार, पुष्पा श्रीवास्तव आदि शामिल हैं।

## चौपारण स्थित साहू भवन में साहू समाज की बैठक संपन्न

### समिति का विस्तार समेत हुवे आठवां सम्मेलन का किया गया लेखा–जोखा

**अपेम लाइवः चौपारण**




चौपारण स्थित साहू भवन अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा का बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता बरही अनुमंडलिय साहू समाज के अध्यक्ष अमित साहू ने किया। मौके पर समिति का विस्तार व बीते दिन हुवे आठवां सम्मेलन का लेखा–जोखा पर चर्चा किया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे अमित साहू ने समिति का विस्तार करते हुए बताया कि संरक्षक के रूप में वरिष्ट समाजसेवी चौपारण के मुकुंद साहू, सुनील साहू, सीताराम साहू, चेतलाल साहू, अशोक साव पदमा के बुधन साव, बरही के गोविंद साहू का चयन किया गया है। वही महासचिव पद के लिए चौपारण के महुआबाद निवासी राजेश साव, सिंहरावा के विकास कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष पद के लिए डेबो के मोहन साव, बरही के अनुज साहू, प्रो. बद्री साहू, कोषाध्यक्ष बरही के राजदेव कुमार को बनाया गया। वही चौपारण प्रखंड अध्यक्ष मुनेश्वर साहू, बरही प्रखंड अध्यक्ष सुनील साहू, पदमा प्रखंड अध्यक्ष राजेश साव को बनाया गया। वही बरही अनुमंडलीय साहू समाज के महिला मोर्चा का अध्यक्ष पांडेबारा पंचायत के मुखिया रेखा देवी को बनाया गया। बैठक में समाज के वरिष्ठ समाजसेवी मुकुंद साहू, सुनील साहू , अशोक गुप्ता, चेतलाल साहू, सीताराम साहू, मुनेश्वर गुप्ता, युवा अध्यक्ष बीरबल साहू, मोहन साहू, राजेश साहू, सुनील साहू, आशीष गुप्ता, विकास कुमार गुप्ता, मुनेश्वर हेमराज साव, मदन साव, अनुज साव, संतोष कुमार गुप्ता, नंदू साव समेत कई लोग मौजूद थे।

## विहिप की मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी ने आयोजित की सीता नवमी कार्यक्रम, सनातन संस्कृति संरक्षण का संकल्प

### सनातन संस्कृति की मजबूती के लिए मातृ शक्ति को आना होगा आगे : सुषमा सुमन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


सीता नवमी कार्यक्रम में मौजूद लोग


बरही विश्व हिंदू परिषद अनुसंगी इकाई मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी के नेतृत्व में सीता नवमी कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय बरही बाजार स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड प्रांत की मातृशक्ति प्रमुख सुषमा सुमन जी उपस्थित हुई ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रांत मातृशक्ति प्रमुख सुषमा सुमन ने कहा कि हम सभी सनातनी महिलाएं सीता नवमी के अवसर पर संकल्प लें की हम अपने आने वाली पीढ़ी को संस्कार को बढ़ावा देकर अपने सनातन समाज को मजबूत बनाने का कार्य करेंगे । संस्कार युक्त वातावरण के निर्माण से हमारा समाज और सनातन संस्कृति सुरक्षित होगी । जिससे हमारा धर्म भी सुरक्षित होगा और हम एक मजबूत सनातन परंपरा को विकसित करने में सक्षम होंगे । कहा की आज हमारे सनातन संस्कृति अंतर्गत कर धर्म के प्रतीकों और समाज के धर्म के प्रति आस्था रखने वाली मातृशक्ति वर्ग को विधर्मियों के द्वारा मतांतरित कर सनातन संस्कृति को खंडित करने का कार्य किया जा रहा है । हम सभी माताओं बहनों को एकजुट होकर अपने धर्म के प्रति अटूट आस्था और विश्वास रखते हुए अपने समाज को जागृत करना होगा और मातृशक्ति को टूटने से बचाना होगा। इसके लिए हम सभी को विश्व हिंदू परिषद के आयाम दुर्गा वाहिनी और मातृशक्ति से जुड़कर अपने आप को सशक्त बनाना होगा । इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रमुख त्रिवेणी साहू ,विश्व हिंदू परिषद के जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता , जिला प्रचार प्रसार प्रमुख मिथिलेश कुमार,प्रखंड अध्यक्ष नंद किशोर कुमार ,उपाध्यक्ष निरंजन केसरी ,प्रखंड सह संयोजक नितेश कुमार ,सह मंत्री प्रदीप चंद्रवंशी ,प्रखंड मातृशक्ति संयोजिका किरण वर्मा, जिला परिषद सदस्य प्रीति कुमारी ,दुर्गा वाहिनी संयोजिका सरिता देवी ,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खंड कार्यवाह प्रभु राणा, नीलम केसरी, किरण देवी,नैना केसरी ,कुसुम देवी ,ममता कुमारी, प्रियंका देवी ,निशा रानी ,जयंती केसरी ,मानसी देवी ,मालती देवी ,सुजाता कुमारी ,बबीता देवी, शीला देवी ,अभय गुप्ता, पतंजलि योगपीठ से योग प्रचारक प्रदीप कुमार सुमन जी, दीपक केशरी उपस्थित हुए।

## सांसद जयंत सिन्हा ने बड़कागांव का किया दौरा कई कार्यक्रमों में हुए शामिल

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : सांसद जयंत सिन्हा ने बड़कागांव का दौरा कर कई कार्यक्रमों में हुए शामिल जिसमें जोराकाठ में श्री श्री 1008 शिव हनुमान प्राण प्रतिष्ठा सह रूद्र महायज्ञ कलश यात्रा में शामिल हुए। तत्पश्चात गोंदलपुरा में कोल कंपनी के खिलाफ ग्रामीणों के द्वारा की जा रही अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में शामिल होकर ग्रामीणों की बात को गंभीरता पूर्वक सुना । ग्रामीणों ने सांसद के समक्ष ग्रामसभा व लोकसुनवाई को रद्द करने प्रशासन को लिखित रुप से जमीन नहीं देने व कंपनी का विरोध करने को लेकर ज्ञापन सौंपा। वही सांसद ने मौजूद ग्रामीणों से कहा कि आप जो चाहेंगे वही होगा ,मैं सिर्फ आपका हित चाहता हूं जो जनहित में है। आपके सहमति के बिना मैं कुछ भी नहीं करूंगा इसमें आपको विश्वास और भरोसा होना चाहिए। साथी ही उन्होंने कहा कि बहुत सारे क्षेत्र में नेता है जो वे जनता की भलाई की बात करते हैं और पीछे से छुपकर मलाई खाने का काम करते हैं। आगे उन्होंने पंकरी बरवाडी कोयला खनन परियोजना का जिक्र करते हुए कहा कि हम लोगों ने तत्कालीन रघुवर दास की सरकार के साथ मिलकर वहां के लोगों के लिए अच्छा पैकेज दिलवाया जो देश में वैसा पैकेज कहीं नहीं मिल रहा है । अच्छा मुआवजा व रोजगार वहां के लोगों को मिला है एंव पंकरी बरवाडीह एवं चट्टी बरियातू में शांतिपूर्वक समझौता कर लोगों के सहमति से खनन कार्य चल रहा है जो देश को बहुत बड़ा सहयोग मिल रहा है इस परियोजना से 18 मिलीयन टन प्रतिवर्ष कोयले का उत्पादन हो रहा है वही यह देश का पांचवा बड़ा परियोजना है । वहीं चट्टी बरियातू परियोजना से भी 50 -60 मिलियन टन प्रतिवर्ष कोयला उत्पादन करने का लक्ष्य वहां के लोगों के साथ भी शांतिप.ूर्वक उनकी सहमति से सब कुछ संभव हो पा रहा है। वहीं उन्होंने लोगों को आश्वासन देते थे कहा कि अगर आप रोजगार चाहते हैं मुआवजा चाहते हैं तो वह शांतिपूर्वक आपकी सहमति से समझौते से के बाद होगी अगर जमीन नहीं छोड़ना चाहते हैं तो आपकी जमीन नहीं छोड़वाने का बात करेंगे इसके लिए अपलोग को एकजुट रहना होगा । बाद में मोह या लोभ नहीं करना होगा। इस मौके पर धरना दे रहे सैकड़ों की संख्या में ग्रामिण महिला पुरुष मौजूद थे।




APEM LIVE